

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल खत्म, 15 खिलाड़ियों की सूची जारी

**संवाददाता** देहरादून। पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली के तत्वावधान में सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल खत्म होने के बाद 15 खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है और यह खिलाड़ी 22 अक्टूबर से देहरादून में जोनल ट्रायल में भाग लेंगे। एसोसिएशन के जिला सचिव व कोच नरेन्द्र शाह ने बताया है कि चयनित खिलाड़ियों में अभिलाष सेमवाल, आशीष गुसांई, बिनय सिंह, गिरीश सी रतूडी, हिमांशु शैली, जय पी चन्द्रा, कुनाल कन्यार, महावीर सिंह बिष्ट, सूरज सिंह, मयंक चन्द्रा, शैलेन्द्र रौथान, अनुराग राणा, निश्चिय मेहता, राजेन्द्र कुमार, पवन चौकीयाल शामिल है।

### आस्क संस्था ने पेड़ों को मौली बांध कर उनकी सुरक्षा का लिया वचन

**संवाददाता** देहरादून । थानों रेंज एरिया में स्थित शिवालिक एलीफैंट रिजर्व फारेस्ट के 10, 000 कटने के बारे में सुन कर आस्क संस्था के युवा कार्यकर्ताओं ने भी चिपको मूवमेंट में भाग लेकर पेड़ों पर मौली बांध कर उनकी सुरक्षा के लिए वचन लिया और कहा कि किसी भी दशा में पेड़ों को कटने नहीं दिया जायेगा। आस्क संस्था के संस्थापक राजवीर सिंह का कहना है कि प्रदेश का विकास जरूरी है पर साथ में वन संरक्षण का भी महत्व है, और इस क्षेत्र में बहुत से जीव जंतु और जानवर वास करते है यदि हम उनका घर छीन लेंगे तो वो आबादी क्षेत्र में आकर ही उत्पाद करेंगे।

### प्रोफेसर ए के गुप्ता एवं डा. हरीश चन्द्र जोशी को किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। भारत विकास परिषद् की पंच सूत्रीय उद्देश्यों के अन्तर्गत समाज में संस्कार जागृति करते के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। जिसमें शिक्षा क्षेत्र के श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान एवं वन्दन किया जाता है एवं स्कूलों उच्च अंक प्राप्त छात्र–छात्राओं का अभिनन्दन किया जाता है। कोरोना महामारी के कारण स्कूल बन्द थे।

### जनता को न्याय मिलना तो दूर, ढूंढे नहीं मिल रहे उनके मांग पत्रः नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार में जनता के शिकायती मांग पत्रों पर कार्रवाई होना तो दूर, विभाग में पत्र ढूंढे नहीं मिल रहे हैं यानी एक विभाग से दूसरे विभाग में पत्र प्रेषित होने के उपरांत पत्रों का कोई अता पता नहीं है। आलम यह है कि शासन से निदेशालय निगमों, जिलाधिकारी, आयुक्त कार्यालयों को प्रेषित पत्र इन कार्यालयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# ग्रोथ सेंटरों के संचालकों ने मुख्यमंत्री को दिया फीडबैक

■ अभी तक 104 ग्रोथ सेंटर स्वीकृत, 72 क्रियाशील

**फीडबैक**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से विभिन्न ग्रोथ सेंटरों के संचालक स्वयं सहायता समूहों से बात की और उनसे फीडबैक लिया। बताया गया कि ग्रोथ सेंटर प्रारम्भ होने से उनसे जुड़े ग्रामीणों और महिलाओं की आय में बढ़ोतरी हुई है। धीरे–धीरे उत्पादों को बाजार भी मिलता जा रहा है। स्थानीय लोग ग्रोथ सेंटरों से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। लोहाघाट के स्वयं सहायता समूह द्वारा बताया गया कि मशीनें मिलने के बाद लोहे की कढ़ाई के निर्माण में काफी वृद्धि हुई है। इससे उनकी आय भी बढ़ी है। चमोली के उर्गम के स्वयं सहायता समूह ने बताया कि बदरी गाय के दूध व घी की अच्छी कीमत मिल रही है। दर्जनों ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को



ग्रोथ सेंटर योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए ग्रोथ सेंटरों की कार्यविधि की जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार ने बताया कि अभी तक कुल 104 ग्रोथ सेंटर स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 72 क्रियाशील हो चुके हैं। अन्य भी जल्द ही शुरू हो जाएंगे। इन ग्रोथ सेंटरों से लगभग 30 हजार लोग लाभान्वित हो रहे हैं। स्वीकृत किए गए ग्रोथ सेंटरों में एग्री बिजनेस आधारित 38, बेकरी आधारित 04, डेयरी व दुग्ध उत्पाद आधारित 05, मत्स्य 11, आर्गेनिक ऊन 10, प्रसाद 05, मसाला 04, फल प्रसंस्करण 05, शहद व मौन पालन 04, एलईडी 02, शिल्प आधारित 05, आईटी 02, पर्यटन 02, हथकरघा व क्विल्ट आधारित 02, पशुआहार 01 और एरोमा आधारित 04 ग्रोथ सेंटर हैं। बताया गया कि सितम्बर 2020 तक क्रियाशील ग्रोथ सेंटरों की कुल बिक्री धनराशि 6 करोड़ 09 लाख रूपए रही जबकि लाभ की राशि 60 लाख रूपए से अधिक रही। ग्रोथ सेंटरों के टर्नओवर और मुनाफे में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रोथ सेंटरों की ऑनलाईन मार्केटिंग के लिए वेबसाईट बनाई जा रही है। इनका थर्ड पार्टी मूल्यांकन भी कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य सचिव ओम प्रकाश, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास और पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डा.एसएस नेगी, मुख्यमंत्री के सलाहकार आलोक भट्ट, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आनंदबर्द्धन, सचिव आर.के. सुधांशु, आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती राधिका झा, हरबंस सिंह चुघ, डा. रणजीत सिन्हा, एस.ए. मुरूगेशन, निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल सहित अन्य अधिकारी जबकि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि व भाजपा नेता संजय बहुगुणा यूकेडी में

देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल के कुनबे में प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। पत्रकारों से अन्य राजनैतिक दलों के नेता उक्रांद में शामिल हो रहे है। आज इसी परिपेक्ष में भाजपा नेता व सांसद हरिद्वार रमेश पोखरियाल निशंक के प्रतिनिधि संजय बहुगुणा उत्तराखंड क्रान्ति दल में शामिल दल के अध्यक्ष दिवाकर भट्ट की उपस्थिति में हुये।

इस अवसर पर दल के कचहरी रोड स्थित केन्द्रीय कार्यालय में दिवाकर भट्ट ने कहा कि उक्रांद उन सभी लोगो का स्वागत करता है जो राज्य की अवधारणा और विकास को समझता है, उक्रांद में युवा, महिलाये व सामाजिक क्षेत्र के कार्य करने वाले शामिल हो रहे है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उक्रांद सभी क्षैत्रीय संगठनों, आंदोलनकारियों, मंचो को साथ मे लेकर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा। राज्य को जो इन 20 वर्षो में भाजपा व कॉग्रेस ने ठगा है उसका माकूल जबाब देगा। उन्होंने कहा कि लगातार दल का कुनबा बढ़ता जा रहा है और दल को व्यापक स्तर पर मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर दल के वरिष्ठ नेता लताफत हुसैन, जय प्रकाश उपाध्याय, सुनील, शिव प्रसाद सेमवाल आदि शामिल थे।

# सड़क के बीचों बीच आये हुए विद्युत पोलों को तत्काल हटाये

**प्रदर्शन**

■ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूपीसीएल कार्यालय पर प्रदर्शन

देहरादून। **संवाददाता**

रोड़ चौडीकरण के कारण सड़क के बीचों बीच आये हुए विद्युत पोलों को तत्काल हटाये जाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय अधिशासी अभियंता का घेराव किया और कहा कि इस दिशा में जल्द कार्यवाही न होने पर आंदोलन तेज किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय अधिशासी अभियंता



ने शीघ्र ही उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव संदीप चमोली के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के केंद्रीय अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया गया एवं ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता को बताया गया कि दून जिले में रोड चौड़ीकरण के कारण कुछ पोल सड़क के बीच में आ गए हैं एवं कई पोल सड़ गए हैं एवं उन पोलो से दुर्घटना होने का खतरा है एवं जो पोल सड़क के बीच में उन पोलो से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

इस अवसर पर संदीप चमोली द्वारा मांग की गई कि तुरंत प्रभाव में उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड एक हफ्ते के भीतर सारी व्यवस्थाएं सुचारू करें अन्यथा युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड होगी। इस अवसर पर केन्द्रीय अधिशासी अभियंता ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आयुष सेमवाल, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, प्रदेश सचिव नवनीत कुकरेती, प्रदेश सचिव जितेंद्र नेगी, प्रदेश सचिव कमल कांत, प्रदेश प्रवक्ता संदीप कुमार, सोशल मीडिया अध्यक्ष विजय रतूड़ी मोंटी, प्रदेश संयोजक राहुल प्रताप सिंह, जिला महासचिव आशीष सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रशिक्षित बेरोजगार नियुक्ति को लेकर डटे रहे आंदोलन पर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड द्विवर्षीय डायट डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन से जुड़े प्रशिक्षित बेरोजगार प्रशिक्षण के उपरांत नियुक्ति की मांग को लेकर उत्तराखंड के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगारों का धरना शिक्षा निदेशालय में जारी रहा। ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में प्रशिक्षित बेरोजगारों का धरना जारी रहा और इस अवसर पर उन्होंने सरकार व शिक्षा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन मुस्यूनी ने कहा कि दो वर्ष का अनुशासित प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत भी विभाग द्वारा अभी तक नियुक्ति नहीं दी गई है, इसलिए आज बागेश्वर अल्मोड़ा उधम सिंह नगर आदि जनपदों के प्रशिक्षितों ने अपनी मांग के लिए निदेशालय में डेरा डाल लिया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।